# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0),
## सिद्धार्थनगर

**Mob No-9473942704** **Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in**

पत्रांक 1447 / डब्लू–18 /493 दिनांक 6-8-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– **दिनांक 05.08.2026 को अमर अजाला में सेहुडा पाइप पेयजल योजनान्तर्गत प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 05.08.2026 को समाचार पत्र अमर अजाला में प्रकाशित खबर **''टोंटी–पाइप का काम अधूरा साफ पानी का बढ़ा संकट''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सेहुड़ा पाइप पेयजल योजना का कार्य जल जीवन मिशन (फेज–5) कार्यक्रम अन्तर्गत मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत, एवं गृह संयोजन 388 नग के सापेक्ष 70 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। दिनांक 07.08.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री श्रेयांश सिंह एवं फर्म के इंजीनियर श्री प्रमोद कुमार की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित फर्म के इंजीनियर श्री प्रमोद कुमार द्वारा यह अवगत कराया है कि उक्त पेयजल योजना पर विगत 18 माह से भुगतान लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है, उक्त पेयजल योजना का कार्य 15 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

यद्यपि एन0जे0जे0एम0 द्वारा प्रदेय समयावधि के अनुसार योजना को पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य मार्च–2028 तक निर्धारित है परन्तु फर्म को उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को मई–2027 तक पूर्ण कराने हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित कर दिया गया है।

संलग्नकः– फोटोग्राफ।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
3– जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4– चीफ ब्यूरों, अमर उजाला, सिद्धार्थनगर।
5– श्री विपिन सिंह, सहायक अभियन्ता।/ श्री श्रेयांश सिंह, जू0इं0।
6– मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner










Scanned with CamScanner